भारत सरकार

श्रम और रोजगार मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1750

सोमवार, 31 जुलाई, 2023/9 श्रावण, 1945 (शक)

कर्नाटक में ई.एस.आई. अस्पताल

1750. श्री नलीन कुमार कटील:

श्री डी. के. सुरेश:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार को कर्नाटक सरकार से राज्य के विभिन्न जिलों में ई.एस.आई. अस्पताल स्थापित करने हेतु सहायता करने के लिए कोई अभ्यावेदन प्राप्त हुआ है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

श्रम और रोजगार राज्य मंत्री

(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ग): कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने अपने मानदंडों के अनुसार राज्य में 8 नए ईएसआई अस्पताल स्थापित करने हेतु 'सैद्धांतिक' अनुमोदन प्रदान किया है। संबंधित ब्यौरे अनुबंध में दिए गए हैं।

* ******

अनुबंध

"कर्नाटक में ई.एस.आई. अस्पताल" के संबंध में श्री नलीन कुमार कटील और श्री डी.के. सुरेश द्वारा पूछे गए दिनांक 31.07.2023 को उत्तर के लिए नियत लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 1750 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध।

कर्नाटक में नए अनुमोदित ईएसआई अस्पतालों का ब्यौरा

क्र.सं.	जिला	स्थान	बिस्तर क्षमता
1.	बेंगलुरू ग्रामीण	दोड्डबालपुर	100
2.	बेंगलुरू ग्रामीण	बोम्मसांद्रा	200
3.	शिमोगा	शिवमोगा	100
4.	कोलार	नरसापुर	100
5.	रामनगर	हारोहोल्ली	100
6.	बेल्लारी	बेल्लारी	100
7.	टुमकुर	टुमकुर	100
8.	उडुपी	उडुपी	100

******